कहने को 'गांव भीतर गांव' सत्यनारायण पटेल का पहला उपन्यास है, लेकिन दलित महिला झब्बू के जरिए जिस गंभीरता और निरासक्त आवेग के साथ उन्होंने व्यक्ति और समाज के पतन और उत्थान की क्रमिक कथा कही है, वह एक साथ राजनीति और व्यवस्था के विघटनशील चरित्र को कटघरे में खींच लाते हैं। अपनी सीमाओं में जकड़ी ग्रामीण समाज की अति पिछड़ी दलित स्त्रियों को आर्थिक-नैतिक-वैचारिक रूप से सक्षम बनाने की मुहिम में झब्बू स्वयं क्रमश: व्यक्ति से संस्था बनती गई है। झब्बू का अभ्युदय और पतन कथा से बाहर निकलकर समाज में एक बड़ी संभावना के पनपने और नष्ट हो जाने की त्रासदी कहता है, जिसे घटित करने में जितनी भूमिका व्यवस्था को इशारों पर नचाती उपभोक्तावादी संस्कृति की है, उतनी ही अपने भीतर खदबदाती लिप्साओं और बर्बरताओं की भी। 'गांव भीतर गांव' पाठक को अपने इस अनपहचाने 'स्व' को देखने की आंख देता है।

कायर **स्टीफन स्वाइग** अनु. अनुराधा महेंद्र **495.00**

स्वाइग इतिहास के सबसे भयावह उथल-पुथल से भरे कालखंड के लेखक हैं। यही वजह है कि उनके लेखन में युद्ध के उन्माद से ग्रस्त यूरोप के सामाजिक जीवन का आंतरिक विघटन साफ दिखाई देता है। उनका समस्त लेखन युद्ध की बर्बरता के सम्मुख मनुष्य की बुनियादी अस्मिता को बचाने के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। स्वाइग ने अपने उपन्यास 'बिवेयर ऑफ पिटी' में बखूबी दर्शाया है कि दया के वशीभूत होकर कोई किस तरह कुछ ऐसा करने के लिए बाध्य

हो जाता है, जो पूरी तरह उसकी इच्छा और मर्जी के खिलाफ होता है। 'दया' एक ऐसा जज़्बा है जो तबाही के मार्ग पर ले जा सकता है। किसी भी दयनीय स्थिति या अपंग, लाचार व्यक्ति को देखकर करुणा और दया दिखाना बहुत आसान है, किंतु दया को अंत तक निभाना उतना ही मुश्किल, इस बात को उपन्यास पढ़कर समझा और महसूस किया जा सकता है।

ये दिये रात की ज़रूरत थे **कविता** **250.00**

सुपरिचित कथाशिल्पी कविता का दूसरा उपन्यास 'ये दिये रात की ज़रूरत थे' बहुरूपिया कलाकारों के जीवन-संघर्ष और उनके सांस्कृतिक-ऐतिहासिक महत्त्व को केन्द्र में रखकर लिखा गया है। यह उपन्यास जहां एक तरफ लगभग लुप्त हो चुकी इस कला-परंपरा को इसकी सामाजिक-आर्थिक परिणतियों के साथ एक प्रभावशाली कथारूप में सहेजने का जतन करता है, वहीं दूसरी तरफ स्वतंत्रता संग्राम में इसके अवदान का भी मूल्यांकन करता है। लोकजीवन और कला के प्रति गहन आत्मीय लगाव और निष्कलुष आस्था के साथ लिखी गई यह कथाकृति समय, समाज और कला के अंतस5बंधों को एक आत्मीय तटस्थता के साथ विवेचित-विश्लेषित करती है।

भले दिनों की बात थी **विमल चंद्र पाण्डेय** **300.00**

'भले दिनों की बात थी' के कथानक की रूपरेखा है—ऊपर से सहज-साधारण, व्यंजना में गहन और जटिल। भूमंडलीकृत होने के दबाव में हमारी युवा पीढ़ी जिस उत्तराधुनिक भंगिमा वाली अकादमियों से एक विवश बंधन में बंधी नजर आती है, वह उसे जितनी 'ताकत' देती है, उससे ज्यादा 'जमीन' से उसे बेदखल करती है। मूल्यों-संस्कारों के संकट के रूबरू यह पीढ़ी यह तय नहीं कर पाती कि उसे जमीन खोकर भटकते रह जाने की मर्यादा को कैसे हासिल करना है ? यह किशोर मानसिकता का आदर्शीकरण है, जो यथार्थ की कठोर जमीन पर कसा जाने के बाद पाठक के सामने बहुत बड़े सवाल खड़े कर जाता है।

लौटती नहीं जो हंसी **तरुण भटनागर** **200.00**

यह उपन्यास 'हंसी' को एक ऐसे रूपक में बरतता है जिसमें हंसी की उजास के साथ-साथ हंसी के स्याह पक्षों को बहुत संजीदगी के साथ हमारे सामने रखने का प्रभावपूर्ण प्रयास किया गया है। 'लोरमी' जैसे गांव भारत के अनेक सुदूर जनपदों में हमें दिखाई देते हैं। 'बाबू जी' जैसे चरित्र भारत के अनेक गांव-जवार में देखे जा सकते हैं जिनकी अनर्गल महत्त्वाकांक्षाओं से तमाम मानवीय मूल्यों को ध्वस्त होते देखा जा सकता है। उपन्यास की भाषा कविता के बहुत नजदीक है। पात्रों के चयन में भी कथाकार ने गहरी कल्पनाशीलता का परिचय दिया है। उपन्यास सिर्फ कथा का दामन थामकर नहीं चलता बल्कि उसमें कथा के भीतर और बाहर की खूबसूरत आवाजाही देखी जा सकती है, इस अर्थ में इसे प्रयोगधर्मी उपन्यास भी कहा जा सकता है।

इक़बाल **जयश्री रॉय** **300.00**

जयश्री रॉय का नवीनतम उपन्यास 'इक़बाल' प्रेम और राष्ट्र के कश्मकश से उत्पन्न अंतर्द्वंद्वों के बीच इतिहास के सच खंगालता एक ऐसा आख्यान है जिसमें धरती का स्वर्ग कहे जानेवाले कश्मीर की खूबसूरती और वहां के लोगों का आर्तनाद दोनों मौजूद हैं। गोवा और कश्मीर के दो छोरों के बीच फैले जिया और इक़बाल के प्रेम-संबंधों की त्रासदी के समानांतर कश्मीर का वजूद तलाशता यह उपन्यास राग और आग की परस्पर टकराहट से विनिर्मित ऐसे मार्मिक प्रदेश का अनुसंधान करता है जिसकी जड़ों में प्रेम की वेदना, विस्थापन का दर्द और आतंक की त्रासदी समान रूप से उपस्थित हैं। कश्मीर के राजनैतिक इतिहास और कश्मीरियत के अहसास की खुशबू को अपने सीने में छुपाए इस उपन्यास के चरित्र संवेदना के जिस उच्चतम बिन्दु पर टकराते और पिघलते हैं, वहां नफरत और पूर्वाग्रहों की कोई जगह नहीं होती।

अन्हियारे तलछट में चमका **अल्पना मिश्र** **200.00**

यह स्त्री संसार की एक आयामता को तोड़ने वाली कथाकृति है। शोषण और दमन के विविध बारीक रूपों की पड़ताल करती यह उन जगहों को चिन्हित करवाने का साहस रखती है जिन्हें ऊपरी तौर पर प्रतिष्ठित जीवन के रूपक के कहीं भीतर दबाकर अलक्षित मान लिया जाता है। पारिवारिक तंत्र की वे जटिलताएं, जो मानव संबंधों और स्त्री की छोटी से छोटी स्वाभाविकता को खत्म कर देती हैं और इनके भीतर की संभावनाओं को तिरस्कृत करती चलती हैं, वे यहां अपने बेहद ठोस वजूद के साथ साफ पहचान में आएंगी और इनसे टकराने, जूझने के क्रम में गहरे आलोड़नों से अधिक प्रखर हुए स्त्री प्रश्नों, उनके संघर्ष और नई बनती संभावनाओं के अनेक उभरते ओजवान क्षण भी यहां अपनी दमक के साथ मौजूद मिलेंगे।

नौकर की कमीज **विनोदकुमार शुक्ल** **350.00**

'नौकर की कमीज' एक ऐसे समाज के युवा विश्वास का वाहक है, जो अभी तक अपनी सामंती मानसिकता से मुक्त नहीं हुआ है तथा उसके सामने कला की अभिव्यक्ति के माध्यमों के नष्ट होने के खतरे बहुत पास खड़े हैं। पूंजीवाद का भूत उन्हें लील जाने को आतुर है। इसका यथार्थ बहुत धीमी गति से आदमी के द्वंद्व को सतह पर लाने के प्रयत्नों को सफलता तक पहुंचाता है। लेकिन कहीं भी इसमें माया या फेंटेसी नहीं, दुनियादारी के रोजाना के साधारण से साधारण चित्र हैं।

धर्मक्षेत्र **राजकुमार राकेश** **350.00**

'तुम्हारे भीतर बहुत अंधेरा है पवनकरण देव,' मैं खुद से कह रहा हूं : 'कोई तो रास्ता खोजो जो बाहर फैली अथाह रौशनी को तुम्हारे भीतर लाने का रास्ता ढूंढ़ने में तुम्हारी मदद कर सके...' डॉ. पवनकरण देव इस उपन्यास 'धर्मक्षेत्र' के उस व्यापक द्वंद्व के प्रतीक हैं, जहां अंधेरे और रौशनी के बीच भयावह जंग है तथा अन्याय के विरुद्ध न्याय, दमन के खिलाफ निजी आजादी और जंगलराज के प्रतिकार में कानून के राज्य की स्थापना का अनवरत संघर्ष

मौजूद है। यह वर्चस्ववादी सत्तावाद द्वारा कमजोर आदमी को धकियाते चलने के प्रतिरोध का एक दस्तावेजी रचनात्मक बयान है।

हिडिम्ब **एस.आर. हरनोट** **300.00**

इस उत्तर आधुनिक समय में जब जल, जंगल, पर्वत, जमीन की चिंताएं हाशिये पर चली जा रही हैं, एस.आर. हरनोट का उपन्यास 'हिडिम्ब' इन चिंताओं को विमर्श के केंद्र में लाने की एक विनम्र कोशिश है। हरनोट एक विनम्र कथाकार हैं, लेकिन समय की क्रूरता को वे पूरी सख्ती के साथ पकड़ने की कोशिश करते हैं। एक दुर्गम पहाड़ी अंचल की कथा को वैश्विक सरोकारों के साथ प्रस्तुत करने वाला यह शायद इस तरह का पहला उपन्यास है।

कहानी संग्रह

संपूर्ण कहानियां **वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता** **595.00**

वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता हिन्दी के उन इने-गिने साहित्यकारों में से हैं, जिन्होंने स्वाधीनता के बाद अपनी कहानियों में बदलते जीवन की सतही विडंबनाओं के साथ मानसिक परिवर्तन के रोये-रेशों की पहचान एक साथ की है। इसके अलावा बदलती जीवन स्थितियों में मानवीय संबंधों के उलझे सूत्रों की पहचान भी इन कहानियों में है। इन कहानियों का संबंध समाज और जीवन से है। हर कहानी समाज के एक विशेष अंग, एक विशेष चरित्र को छूती है और बड़े ही सहज ढंग से हमारे सामने उसकी सच्चाई को उजागर करती है। इनमें आपको बासी कथानक न मिलेंगे, घिसा हुआ रूप या शैली न मिलेगी, यांत्रिक आरंभ, मध्य और अंत न मिलेगा। ये कहानियां बड़ी सीधी-सादी, हल्की-फुल्की और कहने-सुनने के ढंग की हैं, लेकिन ऊपर जितनी हल्की मालूम होती हैं, अंदर से उतनी ही गहरी और चोटिली हैं। यही इनकी खूबी है।

ख़यालनामा **वंदना राग** **250.00**

इक्कीसवीं शताब्दी की शुरुआत में युवा कहानीकारों की जिस पीढ़ी का उदय हुआ, उसमें वन्दना राग का नाम कई कारणों के चलते अलग से ध्यान खींचता है। उनके लेखन में एक ऐसी निरपेक्षता है, जो कहन की नई शैली की स्थापना में योगदान देती है। चलताऊ अर्थों में वे किसी नारी विमर्श जैसी स्थिति से मुक्त दिखती हैं, मगर अनायास ही उससे पार पाकर काफी आगे की बात कहकर निकल लेती हैं। प्यार के सघन क्षणों में मुक्तिबोध की स्मृति इस मुक्ति के पार संसार और जीवन के नये द्वार खोलती है। इसी तरह कहानियों में जो सिनेमाई संदर्भ मौजूद हैं, वे भी इन्हीं नई अर्थछवियों के द्योतक हैं और अपने स्तर पर नए अर्थप्रयोग रचते चलते हैं। ऐसे में खयालों, सपनों, कल्पनाओं, धोखों, चुप्पियों, शोर, शरारतों और जीवन के व्यापक यथार्थ को समेटती यह कहानियां अंत में लेखक की आगामी रचनाशीलता का आश्वासन देकर जाती हैं।

एक दिन मराकेश **प्रत्यक्षा** **200.00**

प्रत्यक्षा निजी अनुभूतियों की कहानी कहती हैं। उनके कथानक एब्सट्रेक्ट के निकट चले जाते हैं, पर उस एब्सट्रेक्शन में मनुष्य जीवन के कई रूपक साफ उभरते हैं। हमारे पहाड़ के लोकजीवन में वह प्रेमी का रूपक है। इस संग्रह की कहानियों के शीर्षक से लेकर कथानक तक एक अलग लहजे की बनक साथ रखते हैं, उनमें उत्तर-आधुनिक संसार के दृश्यबिम्ब हैं, उनके पात्र ग्लोबेल हैं, पर वे बहुत घरेलू आवाज में बोलते हैं। इस कथा-संसार में एक अबूझ लगने वाले कैनवास से अचानक बहुत जाने-पहचाने आकार सामने लगते हैं, तस्वीर खुलने लगती है। मानवीय संबंधों की धाराएं यहां दरअसल अंतर्धाराएं हैं— ऊपरी सतही बहाव में जीवन खोजने के प्रयास यों भी उतने ही सतही होते हैं। इन कहानियों में कोमल धड़कनें हैं, भरपूर नमी है, जीवन को गरिमा एवं उदात्तता के साथ संभव करता एक समूचा पर्यावरण है।

एडवांस स्टडी **राजकुमार राकेश** **300.00**

सघन आंतरिक दबावों के चलते जब कहानी लिखी जाती है, तब उसमें मौजूद कल्पना और यथार्थ को एक दूसरे से अलग रेखांकित कर पाना मुश्किल काम है। राजकुमार राकेश की यह कहानियां इसी दिशा में इंगित करती हैं। नवउदारवाद की अवारा पूंजी ने मानवीय रिश्तों में ऊष्मा की धार को कुंद कर डालने का जो सिलसिला शुरू किया है, वह पीछे न लौट सकने वाली किसी भी हद के पार तक जारी है। इसने निजी, वैयक्तिक, सामाजिक और राजनैतिक संबंधों का ऐसा पुन:निर्धारण किया है, जो अपनी हर मौलिक पहचान से परे है। ऐसे में जीवन की कोई विधा इससे अछूती नहीं रह सकती थी। 'एडवांस स्टडी' की यह कहानियां उन्हीं नए उपकरणों से इन तमाम बदलावों की खंगाल-पड़ताल करती हैं।

लिटन ब्लॉक गिर रहा है **एस.आर. हरनोट** **250.00**

हरनोट की कहानियों से गुजरते हुए आप कह सकते हैं कि यहां है गहरी जनधर्मी संवेदना, यहां है एक व्यापक परिदृश्य, जो परंपरा और इतिहास को नापता हुआ प्रागैतिहासिक गुहांधकारों तक बेहिचक चला जाता है। यहां आप यह बात भी कह-देख सकते हैं कि उनकी कहानियां समय और स्थान की सीमाओं के पार बैठे मनुष्य की 'मानवीय संवेदना' के शाश्वत रूपों व आधारों को भी अक्सर छूती-पकड़ती हैं, जिन्हें इधर की कहानी ने बेगाना-बहिष्कृत बनाकर हाशियों पर धकेल दिया है। 'आभी' चिड़िया और 'लिटन ब्लॉक गिर रहा है' की कुतिया के साथ वे ऐसे मानवीय रिश्ते में बंधते हैं कि हम संवेदना के तल पर प्रेमचंद की 'पूस की रात' की ऊंचाई को दोबारा छूते-सहेजते और विकसित करते हुए बस अवाक् खड़े रह जाते हैं।

पांच मिनट और अन्य कहानियां **योगेन्द्र आहूजा** **250.00**

पिछली सदी के आख़िरी हिस्से में उत्तर भारत के छोटे और मंझोले शहरों के युवा मध्यवर्ग के सामाजिक-नैतिक जीवन का ख़ामोश सा ड्रामा इन कहानियों की जान रहा है। किसी भी पात्र

में एक पूरी पीढ़ी का जीवन दिखाई दे जाता है, पर पात्र अपनी वैयक्तिकता नहीं खोते। वह अपने चरित्रों को उनकी विशिष्टता और गरिमा में मूर्तिमान होने देते हैं लेकिन ऐसे नहीं कि वे अपनी पृष्ठभूमि या परिस्थिति पर हावी होने लगें। अपनी कहानियों में वह मनोयोग से अपनी पीढ़ी के उस आंतरिक जीवन, अंतद्व5द्व और युगबोध की तस्वीरकशी करते हैं जो हमेशा उनके अंदर एक रिसते ज़ख्म या ज़ख्म के निशान की तरह बसा रहता है, चाहे बाद की हताशाओं, प्रवंचनाओं, विफलताओं और समझौतों ने उन्हें अपनी ही नज़र में कहीं का न छोड़ा हो।

लाल बहादुर का इंजन **राकेश मिश्र** **200.00**

राकेश अपनी कहानियों में ऐसी प्रक्रियाओं का विवेचन करते हैं, जिन प्रक्रियाओं ने समय के भीतर से गुजरकर अभी कोई रूप हासिल नहीं किया। वे अभी चल रही हैं। किसी चलायमान प्रक्रिया को कहानी के फ्रेम में लाना बहुत मुश्किल काम है क्योंकि अभी उसकी कोई दिशा तय नहीं हुई है। उसके बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। राकेश इसी मुश्किल से जूझ रहे हैं। वे किसी पूर्व व्याख्यायित घटना या अनुभव से अपनी कहानी का ताना-बाना नहीं बुनते बल्कि ऐसे चरित्रों को सामने ला रहे हैं, जो सांय-सांय करते इस समय के भयानक ट्विस्ट में कहीं भी अपने पांव टिका नहीं पा रहे हैं। यह शिल्प भले ही आज हमारे अवबोध के अनुकूल नहीं है, लेकिन आने वाले समय में वह बहुत गहराई तक अपनी जगह बनाएगा।

काफिर बिजूका उर्फ इब्लीस **सत्यनारायण पटेल** **200.00**

सत्यनारायण पटेल महानगरीय सभ्यता में आत्मविस्मृति का जीवन जीते व्यक्ति को जब कहानी नहीं, किस्सा सुनाने लगते हैं, तब विज्ञान और तकनीक की भूलभुलैया में हड़बड़ाए 'मानुष' को अनायास अपनी कहन-शक्ति में बांध लेते हैं; और फिर सूखी जमीन पर भीतर-भीतर धंसते पानी की तरह उसकी अंतश्चेतना पर सवालिया निशान बना काबिज हो जाते हैं। स्याह अंधेरों को अपने हौसलों के बूते चीर देने का विश्वास इस संग्रह की कहानियों की ताकत है जो सबसे पहले अपने भीतर पसरे अंधेरों को चीन्हने की तमीज देता है। शायद इसीलिए बिजूका की तरह अपने मानवीय वजूद का उपहास सहता आम आदमी उनकी कहानियों में क्रमश: निखरता हुआ व्यवस्था की कठमुल्ला ताकतों के लिए पहले काफ़िर बन जाता है और फिर इब्लीस।

अंधेरे की कोई शक्ल नहीं होती **ज्योति चावला** **250.00**

ज्योति चावला की कहानियों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां स्त्री के सभी शेड्स देखे जा सकते हैं। यहां एक संघर्षशील स्त्री है तो एक शोषित स्त्री भी है। ठेठ गांव की स्त्री का संघर्ष है तो वहीं इस भूमंडलीकरण के बाद भारत की बदली हुई तस्वीर में दोहरे संघर्ष को झेलती स्त्री की भी छवि है। वे अपनी कहानियों में स्त्रियों को लेकर कोई मेटाफर या आदर्शवाद का इस्तेमाल नहीं करतीं बल्कि यहां स्त्रियां यथार्थ की जमीन से उठकर आती हैं। ज्योति के पास अपने समय को लेकर बहुत कन्सर्न हैं और चिंताएं भी, इसलिए ये कहानियां अपने

समय की धड़कन सी बन गई हैं। इन कहानियों में खामोशी और अंधेरा यहां से वहां तक तारी है। अपनी कहानियों में वे कहानी के लोकेल को बहुत महत्त्व देती हैं। जो कहानी जिस परिवेश की है, वहां की भाषा, रंग-ढंग, तीज-त्यौहार तक बहुत विश्वसनीय ढंग से आते हैं।

भविष्यदृष्टा **ओमा शर्मा** **300.00**

वैसे तो ओमा और उनकी पीढ़ी के पास कथा की एक समृद्ध विरासत है, मगर उनकी कहानियों के पात्र बतरस में ओढ़ी हुई गंभीरता या मुक्त ठिठोलियों से बहुत दूर तक ले जाते हैं। फिर किसी मायावी राक्षस की तरह खुद ही पुकारते हैं और खुद अंदर से विस्फोट करते हैं ...नि:शब्द विस्फोट। छोटे-छोटे लोगों की छोटी दुनिया, छोटे सपने, बड़े डर और बड़ी घुटन। क्षेत्र भिन्न हैं, प्रकृति भिन्न है, वर्ग भिन्न हैं, स्वार्थ भिन्न हैं, मगर मरीचिका है कि उन्हें भटका रही है यहां से वहां, वहां से यहां। इन्हीं मचलती, थरथराती जीवन रेखाओं को पकड़ने की कोशिश करती हैं ओमा शर्मा की ये कहानियां। इन्हें उकेरने के लिए ओमा के कथाकार ने जिस शिल्प-लय का संधान किया है, वह पात्र व परिवेश को खिलाने में न सिर्फ मौजूं है बल्कि उसकी खूबी यह है कि उसकी व्यंजना सतह पर प्रकटत: दिखती नहीं, लेकिन अंत तक आप उसे खुद में पाते हैं। पढ़ी जाने के बाद अरसे तक हांट करती रहती हैं ये कहानियां।

कविता संग्रह

आधार चयन : कविताएं **मंगलेश डबराल** **250.00**

मुक्तिबोध और रघुवीर सहाय से अपनी सर्जनात्मक प्रेरणा ग्रहण करती हुई हिंदी कविता की आज जो पीढ़ी उपस्थित है, उसमें मंगलेश डबराल जैसे समर्थ कवि इतने वैविध्यपूर्ण और बहुआयामी होते जा रहे हैं कि उनके किसी एक या चुनिंदा पहलुओं को पकड़कर बैठ जाना अपनी समझ और संवेदना की सीमाएं उघाड़कर रख देना होगा। एक ऐसे संसार और समय में, जहां जिंदगी के हर हिस्से में किन्हीं भी शतो5 पर सफल हो लेने को ही सभ्यता का चरम आदर्श और लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया हो, मंगलेश अपनी कविताओं में विफल या अलक्षित इंसान को उसके हाशिये से उठाकर बहस और उल्लेख के बीचोंबीच ले आते हैं। इन विचलित कर देनेवाली कविताओं में गहरी, प्रतिबद्ध, अनुभूत करुणा है जिसमें दैन्य, नैराश्य या पलायन कहीं नहीं है। मगलेश एक ऐसे विरल सर्जक हैं जिनकी कविताओं में उनकी आवाज़ें भी बोलती-गूंजती हैं जिनकी आवाज़ों की सुनवाई कम होती है।

बेघर सपने **निर्मला पुतुल** **150.00**

एक आदिवासी स्त्री का जीवन, संघर्ष, दुख और उसकी पराजय- सब निर्मला पुतुल के इस कविता संग्रह में बहुत ही विश्वसनीय रूप में आया है। इन कविताओं में विचार है या कहें वषो5 से चला आ रहा पूरा विमर्श है, परंतु यह कहीं भी विमर्श की कविता नहीं लगती है। कहने का अर्थ साफ है कि निर्मला की कविताओं में इन विचारों के साथ-साथ कवितापन में

कहीं भी कमी नहीं है। इस संग्रह को पढ़ने के बाद हमें भारत की असली तस्वीर का अंदाजा होता है और सही मायने में हम इन कविताओं के साथ ही अपने समय के सामाजिक इतिहास को मुकम्मल रूप में समझ पाते हैं। वास्तव में ये कविताएं अपने समय में इतिहास में छूट गई वे दरारें हैं, जिन्हें बगैर देखे इतिहास एकांगी रह जाता है।

सरे-शाम **असद ज़ैदी** **350.00**

इस किताब में 1975 से 2008 के बीच लिखी कविताएं, जो आगे तीन संग्रहों में प्रकाशित थीं, कमोबेश ज्यों की त्यों संकलित हैं। कविताओं के बारे में क्या कहें, सिवा इसके कि कालान्तर में हर चीज़ अपनी मूल प्रेरणाओं से ज़्यादा अपनी परिस्थितियों की गवाह बन जाती है और उन्हीं की दास्तान बयान करने लगती है—प्राय: अपनी बात को छिपाते हुए। एक अरसे बाद लिखने वाले को अपनी लिखावट कुछ और कहती लगती है, और ऐसी गुंजाइश रहनी चाहिए। एक युग तो गुज़र ही गया है। वक़्त का गुज़र मनुष्य पर होता है और उसके कामों पर भी, पर अलग-अलग तरह से। यही उम्मीद है कि वक़्त की ये मार इन कविताओं पर ऐसी न पड़ी हो।

प्रतिनिधि कविताएं **लाल सिंह दिल सं. सत्यपाल सहगल** **250.00**

दिल पिछले तीस-चालीस बरस की पंजाबी कविता के परिदृश्य को पूरा भी करते हैं और उनके बिना जो काव्य-दुनिया पीछे रह जाती है, उसे चुनौती भी देते हैं। अगर दिल की सुनें, तो वे अपनी परंपरा पंजाबी की हमारी जानी-पहचानी कवि-परंपरा से हट कर बतायेंगे, जोकि संतराम उदासी जैसे निचली तहों से आये जुझारू लोककवियों की परंपरा है, जिससे हिन्दी की अनुवाद-दुनिया का अब तक कम ही वास्ता पड़ा है। यह किताब इस कमी को भरने की दिशा में उठाया गया पहला बड़ा कदम है।

आकाश धरती को खटखटाता है **विनोदकुमार शुक्ल** **200.00**

विनोदकुमार शुक्ल समकालीन कविता के संसार में आज ऐसे कवि के रूप में बहुप्रतिष्ठित हैं जिनकी कविता को बिन उनके नाम के भी जागरूक पाठक पहचान लेते हैं। वे हिन्दी के उन कवियों में हैं जिनकी कविता का कथ्य, शिल्प दूर से ही चमकता है। इनकी ख़ासियत यह है कि वे आज मौजूदा कवियों की पीढ़ियों के बीच शायद अकेले कवि हैं जो समकालीन कविता या कहें कि कविता की प्रचलित रूढ़ियों, फैशनों के विरुद्ध जाकर कविता के एक अलग राह पर चलने में यकीन रखते हैं। प्रस्तुत कविता संग्रह उनकी प्रतिनिधि कविताओं का संकलन है जिसका युवा आलोचक अरविंद त्रिपाठी ने चयन-संपादन किया है।

सम्पूर्ण कविताएं **पाश अनु. चमन लाल** **450.00**

पाश की कविता हमारे घायल समय के लहू से लिखी गई क्रांति की इबारत है। यहां दमन और शोषण के विरुद्ध एक तीव्र आक्रोश है जो अपनी अभिव्यक्ति के लिए एक खौलती हुई

भाषा भी गढ़ लेता है। मनुष्य के सपनों के मर जाने को सबसे ख़तरनाक मानने वाले पाश की ये कविताएं सपनों को मरने से बचाने की लड़ाई लड़ रहे एक योद्धा की आवाज़ें हैं।

गद्य/आलोचना/दस्तावेज

समय के बीज-आख्यान **विनोद शाही** **300.00**

जिन्हें यह सवाल बेचैन करता है कि एक उपन्यास की जमीन उसके सरोकारों की तमीज कैसे बनती है- यह किताब उनके लिए है। यानी यह किताब हिंदी उपन्यास की जमीन, उसके समाजशास्त्र और इस विधा के विवेचन व मूल्यांकन की कसौटियां तलाशने के लिए अपनी ही जमीन का आधार बनाती है। इसमें लेखक अपने समय के बीज-आख्यानों की तलाश में गोदान, मैला आंचल, मढ़ी का दीवा व धरती धन न अपना से होता हुआ अपने समय के उपन्यासों कंदील व गांव भीतर गांव तक का सफर तय करता है और तुलना वाले परिदृश्य के निहितार्थो5 को स्पष्ट करने के लिए जॉन स्टाइनबेक के ग्रेप्स ऑफ रैथ को भी अपने विवेचन का विषय बनाता है।

मीरा : एक पुनर्मूल्यांकन **सं. पल्लव** **550.00**

मीरा भक्तिकाल ही नहीं, समूचे हिंदी साहित्य में सबसे बड़ी स्त्री कवि हैं। मीरा कृष्णभक्त थीं और कृष्ण की भक्ति में दीवानी होकर उन्होंने सुख-वैभव को त्याग दिया। उनकी कविताओं में जहां अपने आराध्य के प्रति अनन्य समर्पण दिखाई देता है, वहीं अपने जीवन और कष्टों का चित्रण इन पदों में वह अग्नि भर देता है जिससे यह कविता मध्यकालीन भक्त की आर्त्त पुकार से कहीं आगे जाकर मनुष्यता की व्यापक धरोहर बन जाती है। मीरा का समाज ठहरा हुआ समाज था, जहां गतिशीलता नहीं थी। इस देश में धीरे-धीरे एक केंद्रीय सत्ता स्थापित हो रही थी और अब यहां के समाज में फैले मत-मतांतरों, अंधविश्वासों और रूढ़ियों के विरोध में एक सहज चिंतनधारा भक्ति आंदोलन के रूप में आई। प्रस्तुत संकलन मीरा की कविता के पुनर्मूल्यांकन का एक विनम्र प्रयास है। इस पुस्तक में संकलित सभी लेखों में प्रयत्न किया गया है कि मीरा के व्यक्तित्व और उनकी कविता पर पड़े आवरणों से हटकर उनका सही मूल्यांकन किया जाए।

बाणभट्ट की आत्मकथा **सं. मधुरेश** **450.00**

एक अच्छी और महत्त्वपूर्ण रचना अपने समय से पूरी तरह जुड़ी रहकर भी उसके बाहर जाती है। उसके क्लासिक की श्रेणी में आने के लिए जरूरी है कि वह आने वाले समय के सवालों से भी मुठभेड़ करे। एक रचना के रूप में बाणभट्ट की आत्मकथा आज भी अपने समय के सवालों की कसौटी पर कसकर देखे जाने के लिए उकसाती और प्रेरित करती है। इस चयन का उद्देश्य उसके प्रति एक बेहतर और संतुलित समझ का निर्माण और विकास है। ऐसी

कोई समझ रचना के समूचे परिप्रेक्ष्य को आधार बनाकर ही बनाई जा सकती है। यह संकलन शायद इसका भी एक उदाहरण बन सके कि जिस प्रमाद, जड़ता और विचार शिथिलता के लिए जब-तब हिंदी आलोचना की भर्त्सना की जाती है, वह सिर्फ वही नहीं है,। जरूरी सिर्फ यह है कि बंधी-बंधाई धारणाओं के घेरे से बाहर निकलकर चीजों को देखने-समझने में रुचि ली जाए।

प्राच्यवाद और प्राच्य भारत **विनोद शाही** **300.00**

प्राच्यवाद और उससे जुड़ी चिंतनधारा का जायजा लेती हुई यह किताब खुद को इस सिद्धांत की आलोचना तक महदूद नहीं रखती, अपितु इसे एक प्रस्थान बनाकर और आगे ले जाती है। प्राच्यवाद से लेकर प्राच्य भारत तक के यथार्थ को समझने-खोजने और फिर उस समझ को एक अपने मौलिक सिद्धांत के रूप में उपलब्ध करने की कोशिश तक का बड़ा कैनवास नापती है। यह किताब एक पहल है। इस लिहाज से कि हमारे यहां औपनिवेशिक काल में मौलिक सिद्धांत-चर्चा के अंतर्विकास को जिस तरह, एक सिलसिलेवार सांस्कृतिक साजिश के तहत, स्थगित और विपथित कर दिया गया था, उसे वहीं से खोज-पकड़ कर, पुन: जीवंत करने और प्रतिष्ठित करने की जरूरत है। इसके लिए यह किताब ऋग्वेद से लेकर हमारे समय तक का एक लंबा सफर तय करती है। भारत के विकास और रूपांतर के लिए प्रतिबद्ध लोगों के लिए यह एक जरूरी किताब है।

निराशा में भी सामर्थ्य **पंकज चतुर्वेदी** **500.00**

पंकज चतुर्वेदी की आलोचना का कैनवस बड़ा है। उनकी चिंता एक कवि और आलोचक की ही नहीं, एक नागरिक की भी है। वे समकालीन आलोचक हैं, जो अपने समय के प्रश्नों से यथासंभव, यथाशक्ति मुठभेड़ करते हैं। वे गंभीर, बेचैन और कर्तव्य-बोध से संचालित हैं। उनकी प्रश्नाकुलता, वैचारिकता, सृजनात्मक संवादपरकता एक गहरी और व्याकुल चिंता से जुड़ी है। उनका लेखन शाश्वत लेखन के विरुद्ध है। उनकी आलोचना में बहुत कुछ सिमटा हुआ है। पहली दृष्टि में यह टूटी हुई, बिखरी हुई लग सकती है, पर इसमें एक अन्विति है। उनमें परम्परा और इतिहास-बोध है। उनकी दृष्टि कहीं से भी एकांगी और खंडित नहीं है। उनमें आलोचना की सार्थक दृष्टि है, शक्ति और सामर्थ्य भी। निराशा में भी सामर्थ्य हमें निराश और हताश होने से बचाती है, और यह इस पुस्तक की उपलब्धि है।

शताब्दी का प्रतिपक्ष **वैभव सिंह** **300.00**

आधुनिक हिन्दी लेखन का आरंभ आधुनिकता के मूल्यों के साथ माना जाता है। पर किसी भी देश में आधुनिक मूल्य निरपेक्षता में नहीं पैदा होते बल्कि अपने समय की राजनीति, अर्थतंत्र

और जनचेतना के विकास के रूपों से ही उनका स्वरूप तय होता है। हिन्दी क्षेत्र का लेखन संघर्ष और प्रतिरोध के मूल्यों में विश्वास करने वाला लेखन रहा है और इसका बड़ा कारण यह भी है कि यह क्षेत्र स्वतंत्रता आंदोलन और किसान आंदोलनों का क्षेत्र रहा है। प्रस्तुत पुस्तक में हिन्दी के पंद्रह गंभीर लेखकों पर लिखी आलोचनाएं संकलित हैं और उनकी रचनाओं में प्रतिबिंबित हिन्दी क्षेत्र के यथार्थ को पहचानने का प्रयास किया गया है।

भारतीय उपन्यास और आधुनिकता **वैभव सिंह** **350.00**

इस पुस्तक में उपन्यासों के जन्म के आरंभिक दौर की इन्हीं बहसों व प्रवृत्तियों से जिरह का प्रयास किया गया है। उपन्यासों के अतिरिक्त 19वीं सदी के ही अन्य विवादों, जिनका मूल संबंध आधुनिकता के मूल्यों से था, उन्हें भी पुस्तक में सम्मिलित किया गया है। जैसे कि डेरोजिओ जैसे महान चिंतक के साहित्य-संस्कृति व वैचारिक योगदान को परखने की चेष्टा की गई है।

खिड़की के पास कवि **विजय कुमार** **350.00**

चर्चित कवि-आलोचक विजय कुमार की इस कृति से गुजरना विश्व-कविता के अनेक शीर्ष कवियों के संसार को जानना और समझना है। उनकी संवेदना-दृष्टि का दायरा विस्तृत है और वह प्रखर वैचारिकता और गहन रसज्ञता से युक्त रहा है। उन्होंने पिछले दो दशकों में 20वीं सदी के संसार में विभिन्न भाषाओं के सर्वाधिक चर्चित कवियों के रचना-संसार में गहरे डूब कर कुछ अनूठे निबंध लिखे हैं। ये निबंध विश्व-कवियों के बहाने हमारे समय में सृजन-कर्म की मूलगामी चिंताओं का जायजा लेते हैं। इन्होंने अपने रचना-कर्म से समूची मनुष्य जाति को यकीन दिलाया है कि मनुष्य के भीतर बसी जिजीविषा को परास्त नहीं किया जा सकता।

मार्क्सवाद और साहित्यालोचन **टेरी ईगलटन** अनु. वैभव सिंह **150.00**

टेरी ईगलटन हमारे वक्त के ऐसे विचारक हैं जिन्हें सिर्फ पढ़ना ही जरूरी नहीं है बल्कि जिनकी चीजों के बारे में विचारोत्तेजक पूर्ण बहस करने, ज्ञान के स्थापित सीमांतों को ध्वस्त करने और बोधिकता को लगातार न्याय के पक्ष में इस्तेमाल करने की बेचैनी से काफी कुछ सीखकर स्वयं को भी वैचारिक ऊर्जा से सम्पन्न बनाया जा सकता है। उनकी बहुचर्चित पुस्तक 'मार्क्सिज़्म एंड लिटरेरी क्रिटिसिज़्म' का यह अनुवाद हिन्दी पाठकों को टेरी ईगलटन के व्यापक वैचारिक संसार से परिचित कराएगा।

भगतसिंह के सम्पूर्ण दस्तावेज **सं. चमन लाल** **595.00**

इस संकलन 'भगतसिंह के सम्पूर्ण दस्तावेज' में उनकी जेल नोटबुक के नोट्स व डॉन ब्रीन की आत्मकथा के अनुवाद के अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर पत्रों, लेखों, टिप्पणियों व अदालती दस्तावेजों के रूप में 72 अन्य दस्तावेज संकलित हैं। भारत के मार्क्सवादी-

लेनिनवादी क्रांतिकारी आन्दोलन को अभी लाला हरदयाल व भगतसिंह की क्रांतिकारी विरासत का वस्तुगत आकलन करना है और अपने मौजूदा आन्दोलन को 1931 में भगतसिंह द्वारा छोड़े मोड़ से आगे बढ़ाना है, जिसके लिए भगतसिंह के इन 'सम्पूर्ण दस्तावेजों' का अध्ययन और मनन बेहद जरूरी है।

रचनावली/संचयन

जगदीश चन्द्र रचनावली (चार खंडों में) **सं. विनोद शाही** **4000.00**

भारतीय समाज की अंतरंग और जमीनी समझ के लिए हमें उन कथाकारों के पास जाने की जरूरत पड़ती है, जो इतिहास को रचनात्मक बनाकर नयी शक्ल में गढ़ सकते हैं। प्रेमचन्द और फणीश्वरनाथ रेणु के बाद जगदीश चन्द्र ही ऐसे उपन्यासकार हैं, जिनके अनुभव-संसार में इतनी विविधता और व्यापकता है। ठोस यथार्थ की तफसीलों में जाते हुए भी वे अपने पाठकों की तरल संवेदना के भीतर बहने-तैरने की हैसियत रखते हैं। उनके रचना-संसार का इतिहास-फलक ज्यादातर आजादी के बाद के भारतीय समाज की विकासयात्रा से ताल्लुक रखता है, इसलिए उनके यहां प्रेमचन्द और रेणु की तरह गांव और शहर एक दूसरे से अलहदा पड़े नहीं रह जाते। शायद वे हिंदी के अकेले ऐसे उपन्यासकार हैं, जो गांवों से कस्बों और कस्बों से शहरों के बनने और विकसित होने की दास्तानों के अंतर्विरोधों को उपन्यासों की शक्ल देने में कामयाब हुए हैं। यहां उनकी सारी कृतियों को एक रचनावली का रूप दिया गया है, जिसे कालक्रम के आधार पर खण्डों में नहीं बांटा गया।

रामविलास शर्मा संचयिता **सं. मुरली मनोहर प्रसाद जोशी** **500.00**

साहित्यिक समालोचना के क्षेत्र में रामविलास जी के लेखन की विशिष्टता के कारण विवेचना प्रणाली का स्वरूप ही बदल गया है। अत: आलोचना के क्षेत्र में इस प्रकार के मूलभूत परिवर्तन ने नई पीढ़ी के समीक्षकों के आलोचना-कर्म को भी प्रभावित किया है। इस संचयन को दो खंडों में विभाजित किया गया है। पहला खंड रामविलास जी की सैद्धांतिक विवेचना के परिप्रेक्ष्य पर केंद्रित है। इसमें नौ ऐसे ही निबंध या आलेख लिये गये हैं जो समालोचना के क्षेत्र में अपना क्लासिक महत्त्व रखते हैं। दूसरे खंड में 18 रचनाकारों के मूल्यांकनों से संबंधित निबंध, आलेख या विभिन्न आलोचनात्मक पुस्तकों से काट-छांट कर संपादित कर ऐसी समीक्षाओं का चयन किया गया है, जिनसे हिंदी की साहित्यिक परंपरा, संस्कृत की साहित्यिक परंपरा, भारतीय साहित्य की परंपरा एवं अंग्रेज़ी की साहित्यिक परंपरा के प्रतिनिधि कृतिकारों पर रामविलास जी का मूल्यांकन हिंदी पाठकों को उपलब्ध कराया जा सके।

साक्षात्कार

उपकथन **मंगलेश डबराल** **300.00**

कवि से बातचीत एक मानी में उसकी कविता का ही विस्तार होती है और उसमें संवेदना के वे सभी तत्व शामिल रहते हैं जिनसे उसकी कविता निर्मित हुई है। इस अर्थ में कवि मंगलेश डबराल के साक्षात्कारों का यह चयन 'उपकथन' भी उनकी कविता का पर्याय है। यह संकलन इस कारण भी उल्लेखनीय बन पड़ा है कि इसमें शामिल संवाद मंगलेश डबराल की काव्यात्मक दुनिया में झांकने और प्रवेश करने के दरवाज़ों और खिड़कियों का काम करते हैं और इनके ज़रिये हम देख पाते हैं कि पहाड़ से चलकर मैदान की ओर आया हुआ यह कवि अपने लंबे रास्ते में क्या-क्या देखता, महसूस करता, खोजता और खोता या पाता आया है। इनमें एक ऐसा कवि संवाद करता हुआ दिखता है, जो अपने समय के बौद्धिक विमशो5 की पड़ताल करने के लिए ज़रूरी संवेदनात्मक और ज्ञानात्मक औज़ारों से लैस है।

व्यक्तित्व विकास/स्वास्थ्य

कम्यूनिकेशन और बॉडी लैंग्वेज **डॉ. पुष्पकुमार शर्मा** **250.00**

क्या है सम्प्रेषण ? क्यों नहीं हम सही सम्प्रेषक बन पाते ? क्यों नहीं हमारी बॉडी लैंग्वेज या हमारे शब्द हमारी बात को सम्प्रेषित कर पाते ? क्या है समस्या ? शाब्दिक और गैर-शाब्दिक अर्थात् वर्बल और नॉन-वर्बल दोनों ही प्रकार के कम्यूनिकेशन में हम सफल क्यों नहीं होते ? क्यों हमें यह कहना पड़ता है कि 'कोई मुझे नहीं समझता' या 'मैं क्यों नहीं आपको समझा पा रहा हूं'। ऐसे बहुत से प्रश्न हमारे और आपके मन में हैं जिनका समाधान क्या हम खोज पाएंगे ? इसलिए यह प्रयास किया गया कि हम सिद्धांतों के साथ-साथ सम्प्रेषण के व्यावहारिक पहलुओं को भी देखने की कोशिश करें। शायद कोई राह निकल आए! बस यह पुस्तक उसी दिशा में एक प्रयास है।

डॉक्टर को दूर रखने का फार्मूला **डॉ. पुष्पकुमार शर्मा** **200.00**

Hurry, Worry और Curry प्रतीक हैं हमारी आधुनिक जीवनशैली के। इसे बदलने के लिए हमें वास्तव में अपनी जीवनशैली को बदलाव की राह पर डालना होगा। हमें अपनी जीवनशैली को बदलकर उसे नयी दिशा देनी होगी और मैं जानता हूं यह कोई बहुत कठिन काम नहीं है, बल्कि संभव-सा कार्य है। बस हमें संकल्प लेना होगा फिर जीवनशैली अपने आप बदल जाएगी। इस पुस्तक में आप देखेंगे कि प्रकृति के करीब जाने की जीवनशैली और आहार हमें स्वयं डॉक्टर से दूर कर देते हैं।

क्रिएटिविटी **हरवंश दुआ** **250.00**

कुदरत सबसे बड़ी रचनाकार है। वह हर पल नया रचती है। उसकी किसी भी रचना में दोहराव नहीं होता। हर इंसान क्रिएटिव होना चाहता है। वह कुछ ऐसा रचना चाहता है, जो अभी तक न रचा गया हो। क्रिएटिविटी हमारे भीतर सोई हुई वह शक्ति है, जो जागृत होने पर इंसान, समाज या दुनिया बदल सकती है। क्रिएटिव इंसान ही कुछ नया सोच सकता है। नया सोचने वाला और नये तरीके से काम करने वाला इंसान ही कामयाब हो सकता है। कोई कार्य क्रिएटिव नहीं होता। उसे करने वाला इंसान क्रिएटिव होता है। क्रिएटिव इंसान जो भी करेगा, वह क्रिएटिव होगा। अगर ज़िंदगी जीनी है तो समस्याओं के बिना गुज़ारा नहीं, अगर समस्याएँ सुलझानी हैं तो क्रिएटिविटी के बिना गुज़ारा नहीं।

सफलता के ग्यारह कदम **हरवंश दुआ** **300.00**

सफलता एक खूबसूरत अनुभव है। इस अनुभव के साथ अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को पहचानना और उन्हें लगातार विकसित करते रहना ही व्यक्तित्व-विकास है। यही विकास व्यक्ति और उसके परिवेश के बीच एक सुखद तादात्मय स्थापित करता है। इस पुस्तक का मकसद भी यही है। अगर आप व्यक्तित्व विकास करना चाहते हैं जीवन जीने की कला को सीखना चाहते हैं, तो इस पुस्तक में दिए गए सुझावों पर अमल करना होगा।

— — — — — — — — — — — — — — — —

पुस्तकें मंगाने के लिए

- पुस्तकें अपने पुस्तक विक्रेता से अथवा सीधे आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से आर्डर भेजकर मंगवा सकते हैं।
- पत्र-व्यवहार अथवा आदेश के समय अपना पूरा पता— स्थान, डाकघर, जिला, पिनकोड एवं निकटतम रेलवे स्टेशन इत्यादि अवश्य लिखें।
- आदेश की पुस्तकें अथवा पत्र का उत्तर आपको 15 दिन के भीतर न मिले तो इसका तात्पर्य आपका पत्र प्राप्त नहीं होना समझा जाए। अत: पुन: पत्र लिखें।
- बिकी हुई पुस्तकें वापस नहीं ली जाती हैं।
- इससे पहले के सभी सूचीपत्र रद्द किए जाते हैं।

आधार प्रकाशन प्रा.लि. की बैंक अकाउंट डिटेल्स

Aadhar Prakashan Pvt Ltd
Bank of Baroda, Sector-8, Panchkula (Haryana)
A/C 27210200000218
IFSE code : BARB0BLYPAN 0 means zero